# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, उलान बटार मार्ग, पालम, दिल्ली छावनी-10

सं. प्रशा.- I/1424/I/XXXVI (R) दिनांक : 18.10.2013

सेवा में,

1. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(द.क.), पुणे
2. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(नौसेना), मुम्बई
3. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(म.क.), लखनऊ
4. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(प.क.), चंडीगढ़
5. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, नई दिल्ली
6. रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर
7. रक्षा लेखा नियंत्रक(सेना), मेरठ
8. ए.वि.स, मुख्यालय(म.क.), लखनऊ

विषय : **वरिष्ठ लेखा अधिकारी (समूह 'ख') के ग्रेड से भारतीय रक्षा लेखा सेवा के कनिष्ठ समय मान (समूह 'क') में नियमित आधार पर पदोन्नति।**

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय (वित्त) द्वारा इस पत्र के अनुलग्नक 'क' में प्रत्येक अधिकारी के नाम के सम्मुख दर्शाए गए कार्यालय/संगठन में सेवारत **छः (06)** वरिष्ठ लेखा अधिकारियों की भारतीय रक्षा लेखा सेवा के कनिष्ठ समय मान (वेतनमान 15600-39100+ ग्रेड वेतन 5400 रूपये) में **नियमित आधार पर** पदोन्नति का अनुमोदन किया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा, उनके नाम के समक्ष दर्शाए गए कार्यालयों/संगठनों में पदोन्नति पर उनकी तैनाती करने का निर्णय लिया गया है। अत: अधिकारियों को उनकी वर्तमान ड्यूटी से तदनुसार कार्यमुक्त कर दिया जाए। रिपोर्ट करने पर अधिकारी को भारतीय रक्षा लेखा सेवा के कनिष्ठ समय मान में नियमित आधार पर पदोन्नत कर दिया जाए तथा रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक/ वित्त एवं लेखा सहायक नियंत्रक(फै.),जो भी लागू हो, के रुप में पदनामित कर दिया जाए। **पदोन्नति 01.11.2013 अथवा कार्यभार ग्रहण करने की तारीख, जो भी बाद में हो, से प्रभावी होगी, बशर्ते अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक मामला लंबित न हो एवं वे निलंबनाधीन न हों ।**

2. अधिकारियों से यह भी अनुरोध है कि तैनाती के नए कार्यालय में रिपोर्ट करने के उपरांत पिंक लिस्ट के अद्यतन हेतु वे **an1-pinklist.cgda@nic.in** पर अपनी कार्यभार ग्रहण तारीख, पत्राचार का पता, टेलीफोन नं.(कार्यालय, आवास, मोबाइल) तथा ई-मेल के पते की सूचना प्रदान करें।

3. भारतीय रक्षा लेखा सेवा के कनिष्ठ काल मान में नियमित आधार पर पदोन्नत अधिकारी दो वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षिता की तारीख, जो भी पहले हो, तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। परिवीक्षा अवधि के प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर आवश्यक मूल्यांकन रिपोर्टें इस कार्यालय को प्रेषित की जाएं।

4. अधिकारी की कार्यभार मुक्ति इस आधार पर आस्थगित नहीं की जाएगी कि उन्होनें तैनाती स्थल में परिवर्तन हेतु अपना अभिवेदन प्रस्तुत किया है अथवा कार्य मोचक ने रिपोर्ट नहीं किया है/तैनाती नहीं की गई है। अधिकारी के संज्ञान में यह लाया जाए कि तैनाती आदि में परिवर्तन से संबंधित अभिवेदन पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा क्योंकि भा.र.ले.से.अधिकारी पर भारत के अंदर अथवा भारत से बाहर फील्ड सेवा सहित कहीं भी कार्य करने का निश्चित दायित्व होता है। नियंत्रकगण यह भी सुनिश्चित करें कि अभिवेदन असम्यक प्रकार से अग्रेषित नहीं किए गए हैं।

5. इस पत्र के अनुलग्नक 'ख' में उल्लिखित एक (01) सेवारत भा.र.ले.से. अधिकारी के स्थानांतरण का अनुमोदन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया है। तदनुसार अधिकारी को तैनाती के नए कार्यालय में रिपोर्ट करने के निदेश के साथ उनकी वर्तमान ड्यूटी से तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाए।

6. अधिकारी को नियमों के अनुसार ग्राहय यात्रा भत्ता/कार्यग्रहण अवधि प्राधिकृत की जाए ।

7. कृपया अधिकारी की कार्यभार ग्रहण की तारीख मुख्यालय कार्यालय को फैक्स द्वारा सूचित करें। कार्यभार ग्रहण तथा नए ग्रेड में वेतन नियतन को अधिसूचित करने वाले कार्यालय आदेश भाग-।। की प्रतियां इस मुख्यालय कार्यालय को पृष्ठांकित की जाएं।

**--ह0--**

**(जे. के. थर्मट)**

**रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक(प्रशासन)**

प्रतिलिपि सेवा में,

1. रक्षा लेखा महानियंत्रक के वरिष्ठ निजी सचिव - रक्षा लेखा महानियंत्रक के सादर सूचनार्थ।

2. रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक(एस.एल.एस.)/रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक(एन.आर.डी.)

3. र.ले.सं.म.नि.(आई.एफ.ए.)/ र.ले.सं.म.नि.(आई.टी.)/ र.ले.सं.म.नि. (ले.प.-I, II एवं III)/ र.ले.सं.म.नि.(लेखा एवं बजट)/ र.ले.सं.म.नि.(प्रशिक्षण)/ र.ले.सं.म.नि.(प्रशा./ र.ले.सं.म.नि. (आं.ले.प.)

4. श्रीमती वीना प्रसाद, भा.र.ले.से.
अपर वित्तीय सलाहकार एवं संयुक्त सचिव
रक्षा मंत्रालय (वित्त)
साउथ ब्लॉक,. नई दिल्ली

5. रक्षा मंत्रालय (वित्त)
र.ले.वि. समन्वय, साउथ ब्लॉक,
नई दिल्ली - दिनांक 23.05.2013 के पत्र सं. एफ.3(9)/सी/2012 के संदर्भ में सूचनार्थ

6. प्रशा. - II अनुभाग (स्थानीय)

7. ए.वि.स. विंग/लेखा परीक्षा समन्वय/ई.डी.पी.कक्ष/प्रशिक्षण एवं विकास केन्द्र (स्थानीय)

8. र.ले.म.नि. का ई.डी.पी.केन्द्र - र.ले.म.नि. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

9. प्रशासन अनुभाग -1 के सभी टास्क होल्डर

10. फाइल सं. प्रशा.-1/1170/1/LXVIII

11. पी.सी. फाइलें/ए.पी.ए.आर.फाइल/गार्ड फाइल

--ह0--
**(जे. के. थर्मट)**
**रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक(प्रशासन)**

**र.ले.म.नि., दिल्ली छावनी के दिनांक 18/10/2013 के पत्र सं. प्रशा.- I/1424/I/XXXVI(आर) का अनुलग्नक 'क'**

| क्रम सं. | अधिकारी का नाम | वर्तमान कार्यालय | वर्तमान संगठन | तैनाती का कार्यालय | तैनाती का संगठन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम.एम. खरवानडिकर | र.ले.प्र.नि.(द.क.),पुणे | र.ले.प्र.नि.(द.क.),पुणे | र.ले.प्र.नि.(द.क.),पुणे | र.ले.प्र.नि.(द.क.),पुणे |
| 2. | श्री आर.सी. पाण्डेय | वे.ले.का.(अ.श्रे.), सिग्नल कोर, जबलपुर | र.ले.नि., जबलपुर | ए.वि.स., जबलपुर | ए.वि.स, मुख्यालय (म.क.), लखनऊ/ र.ले.नि., जबलपुर |
| 3. | श्री वी, मणि | र.ले.म.नि., दिल्ली छावनी | र.ले.म.नि., दिल्ली छावनी | र.ले.प्र.नि.(द.क.),पुणे | र.ले.प्र.नि.(द.क.),पुणे |
| 4. | सुश्री ललिता वी. भट्ट | ले.अ.,दु.अ.(उ.प.), लोनावला,मुम्बई | र.ले.प्र.नि.(द.क.),पुणे | वि.स., डी.जी.एन.पी. (बी), मुम्बई | र.ले.प्र.नि.(नौसेना), मुम्बई |
| 5. | श्री आर. के. अरोड़ा | र.ले.नि.(सेना), मेरठ | र.ले.नि.(सेना), मेरठ | वे.ले.का.(अ.श्रे.), 39 जी.टी.सी., वाराणसी | र.ले.प्र.नि.(म.क.), लखनऊ |
| 6. | श्री एस. पी. थर्मट | क्षे.ले.का.(वेतन)प.क., दिल्ली छावनी | र.ले.प्र.नि.(प.क.), चंडीगढ़ | क्षे.ले.का.(वेतन)प.क., दिल्ली छावनी | र.ले.प्र.नि.(प.क.), चंडीगढ़ |

**कुल : छः (06) अधिकारीगण**

**र.ले.म.नि., दिल्ली छावनी के दिनांक 18/10/2013 के पत्र सं. प्रशा.- I/1424/I/XXXVI(आर) का अनुलग्नक 'ख'**

| क्रम सं. | अधिकारी का नाम | वर्तमान कार्यालय | वर्तमान संगठन | तैनाती का कार्यालय | तैनाती का संगठन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री टी.के. नेगी, भा.र.ले.से.(2012) र.ले.स.नि. | क्षे.ले.का.(वेतन)प.क., दिल्ली छावनी अतिरिक्त प्रभार: ए.वि.स. पी.एम.ओ. डी.सी.एन., नई दिल्ली | र.ले.प्र.नि.(प.क.), चंडीगढ़ | ए.वि.स.(आर्मी-क्यू), नई दिल्ली अतिरिक्त प्रभार: ए.वि.स. पी.एम.ओ. डी.सी.एन., नई दिल्ली | र.ले.प्र.नि., नई दिल्ली |

**कुल : एक (01) अधिकारी**

**--ह0--**

**(जे. के. थर्मट)**

**रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक(प्रशासन)**